संख्या सीबीएसई/समन्वय/प्रवेश पत्र/2023 दिनांक: 07.02.2023

सेवा में
सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रमुख
(सीबीएसई की वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: कक्षा XII और X परीक्षा 2022-23 के लिए प्रवेश पत्र/केन्द्र सामग्री डाउनलोड करने के लिए लिंक खोलना

महोदया/महोदय,

आप जानते ही हैं कि कक्षा बारहवीं और दसवीं की परीक्षाएं दिनांक 15.02.2023 से प्रारंभ होंगी। स्कूल आज से अपने विद्यार्थियों के संबंध में प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इस वर्ष प्रवेश पत्र में निम्नलिखित जानकारी शामिल की गई है:

1. अनुक्रमांक
2. जन्म तिथि (केवल दसवीं कक्षा के लिए)
3. परीक्षा का नाम
4. अभ्यर्थी का नाम
5. माता का नाम
6. पिता/अभिभावक का नाम
7. परीक्षा केंद्र का नाम
8. पीडब्ल्यूडी की श्रेणी
9. प्रवेश पत्र आईडी
10. परीक्षा की तिथि सहित विषय जिसमें उपस्थित हो रहे हैं

विद्यालयों द्वारा अपने छात्रों को निम्नलिखित जानकारी सख्त अनुपालन के लिए प्रदान की जाए।

i) किसी भी अभ्यर्थी को प्रात: 10.00 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए वे समय से पहले अवश्य पहुंच जाएं।

ii) अभ्यर्थी को सीबीएसई द्वारा जारी किए गए प्रवेश पत्र और केवल अनुमत्य स्टेशनरी आइटम के अतिरिक्त स्कूल यूनिफॉर्म में और स्कूल पहचान पत्र के साथ जाना चाहिए।

iii) अभ्यर्थियों को परीक्षा की तिथि से कम से कम एक दिन पहले परीक्षा केंद्र पर जाना चाहिए ताकि वे परीक्षा के दिनों में सुबह 10 बजे से पहले पहुंच सकें।

iv) अभ्यर्थियों को मौसम की स्थिति, यातायात की स्थिति आदि को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र के लिए जाना चाहिए।

v) अभ्यर्थी और माता/पिता/ अभिभावक को प्रवेश पत्र में उल्लिखित विवरणों की अवश्य जांच करनी चाहिए और वे फोटो और इसकी सटीकता सहित विवरणों का सत्यापन करने के उपरांत उचित स्थान पर हस्ताक्षर करें।

vi) अभ्यर्थियों को जीपीएस के साथ मोबाइल या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक आइटम और सभी वर्जित सामान परीक्षा केंद्र में नहीं ले जाने चाहिएं।

vii) अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में दिए गए महत्वपूर्ण अनुदेशों को अवश्य पढ़े और उनका पालन करें।

viii) अभ्यर्थी अनुचित साधनों (के प्रयोग) की पद्धतियों के संशोधित नियमों को अवश्य पढ़ लें।

ix) अभ्यर्थियों को व्हाट्सएप, यूट्यूब, ट्विटर आदि सहित सोशल वेबसाइटों पर अफवाहें फैलाने और ऐसी किसी भी

सामग्री को होस्ट करने से बचना चाहिए।

परीक्षा केन्द्र के रूप में निर्धारित विद्यालय भी आज से उनके केन्द्र से परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के संबंध में केन्द्र सामग्री डाउनलोड कर सकेंगे।

प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को भी आज से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का निर्देश दिया जाता है।

भवदीय

हस्ता/-
(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति: वेब प्रबंधक को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित